

हमारा दून

# अभिसूचना तंत्र को और अधिक करें मजबूत: सीएम

## समीक्षा

■मुख्यमंत्री ने सतर्कता विभाग की समीक्षा बैठक ली

■अभिसूचना एवं सुरक्षा विभाग के कार्यों की भी समीक्षा



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में सतर्कता विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सतर्कता अधिष्ठान को ट्रैप एवं अन्वेषण सिस्टम को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ट्रैपिंग सिस्टम में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। शासन स्तर से महत्वपूर्ण प्रकरणों में गोपनीय जांच के बजाय खुली जांच एवं एफआईआर की कार्रवाई की जाय।

निदेशक सतर्कता को अभिसूचना संकलन एवं संदिग्ध मामलों के स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपी के आवासों या अन्य स्थानों पर अपर मुख्य सचिव सतर्कता के अनुमोदन के पश्चात रेड करने का अधिकार देने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा विभिन्न प्रकरणों में लम्बी अवधि के बाद जांच विजिलेंस को देने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि यदि विभाग को प्रकरण विजिलेंस को ट्रांसफर करना है तो, यह कार्यवाही एक साल के अन्दर पूर्ण कर जी जाय। प्रत्येक सरकारी विभाग में विजिलेंस नोडल ऑफिसर एक माह के भीतर अपेक्षित सूचना सतर्कता विभाग को उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक राज्याधीन कार्यरत कर्मचारियों को हर साल प्रॉपर्टी रिटर्न ऑनलाईन दाखिल किया जाना अनिवार्य किया जाय।

मुख्यमंत्री ने अभिसूचना एवं सुरक्षा विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिसूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाय। अभिसूचना तंत्र की मजबूती के लिए थाना स्तर पर निरंतर समन्वय स्थापित किया जाय। उन्होंने कहा कि राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के लोगों से निरंतर समन्वय स्थापित किया जाय। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं और वहां इन्फ्रास्टक्चर को विकसित किये जाने को प्राथमिकता दी जाय। केन्द्र सरकार की सीमांत क्षेत्र विकास परियोजना एवं राज्य सरकार की मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना पर फोकस किया जाय। सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए सिस्टम को मजबूत बनाया जाय। लॉ एवं आर्डर की दृष्टि से दुष्प्रचार करने वाले लोगों को चिन्हित किया जाय एवं उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाय।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव न्याय प्रेम सिंह खिमाल, सचिव गृह नितेश झा, डीजीपी अनिल कुमार रतूड़ी, डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अशोक कुमार, एडीजी सतर्कता वी. विनय कुमार, आईजी श्री अमित सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद सुधीर क्षेत्री को सम्मान देने व शहीद द्वार एवं स्मारक बनाये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। राजीव गांधी पंचायत राज संगठन ,युवा कांग्रेस व एनएसयूआई द्वारा अमर शहीद सुधीर क्षेत्री को सम्मान देने व शहीद द्वार एवं स्मारक बनाये जाने की मांग को लेकर डोईवाला में सांकेतिक धरना दिया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश संयोजक मोहित उनियाल ने कहा कि जुलाई 2002 में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात डोईवाला,लच्छीवाला निवासी अमर शहीद सुधीर क्षेत्री द्वारा कई पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया था और जिसके पश्चात पाक द्वारा की गई गोलाबारी में उन्हें शहादत प्राप्त हुई थी।

### विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शुक्रवार को राजभवन जाकर राज्यपाल बेबी रानी मौर्य से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विस अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल की प्रदेश के विकास से संबंधित एवं वैश्विक कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी से प्रदेश में उपजे हालातों को लेकर राज्यपाल से चर्चा वार्ता हुई। इस अवसर पर साथ ही कोविड–19 के दृष्टिगत लॉकडाउन के दौरान एवं अनलॉक में जरूरतमंद लोगों को पहुंचाई जा रही राहत कार्य संबंधित विषयों पर भी वार्ता हुई है।

### गुरु महाराज नए सुखासन स्थान पर करेंगे विश्राम

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार में अब गुरु महाराज नए बने सुख आसन स्थान पर विश्राम करेंगे। शुक्रवार प्रातः नितनेम के पश्चात हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने श्री सुखमनी साहिब के पाठ के पश्चात अरदास तथा हुक्कनामें के पश्चात सचखण्ड साहिब को संगतो के दर्शन हेतु खोल दिया। इस अवसर पर सचखंड वसै निरंकार के नाम से सचखंड साहिब जाने जाएंगे। इस अवसर पर हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने कहा कि घर मंदिर हटनाले सोहे जिस विच नाम निवासी गुरसिख हमेशा प्रयत्न करता कि उसके गुरु का प्रत्येक जीव गुरु साहिब का सत्कार करें।

### एयरटेल ने एडटेक को अपने डिजिटल पोर्टफोलियो में जोड़ा

**संवाददाता** देहरादून। भारती एयरटेल ("एयरटेल"), भारत की सबसे बड़ी टेल्को, ने आज कहा की उसने एडटेक स्टार्टअप लट्टू मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ("लट्टू किड्स") में महत्वपूर्ण स्टेक अधिग्रहण किया है। यह निवेश एयरटेल स्टार्टअप एक्सलरेटर प्रोग्राम का हिस्सा है। मुंबई स्थित लट्टू किड्स को बच्चों के लिए डिजिटल लर्निंग टूल्स बनाने में विशेसज्ञता प्राप्त है।

## सरकार को तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए तकनीकी समिति गठित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य में कोविड–19 और डेंगू की रोकथाम हेतु सरकार को तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के प्रो. देव्रत रॉय की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में सदस्य के रूप में राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से डॉ. साधना अवस्थी, राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा से डॉ. अमित सिंह, राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से डॉ. अजीत कुमार एवं स्टेट एसएमओ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, उत्तराखण्ड डॉ. विकास शर्मा भी शामिल हैं। समिति द्वारा देश एवं दुनिया में कोविड–19 हेतु अपनाई गई बेस्ट प्रेक्टिसेज का विश्लेषण किया जाएगा। इसके साथ ही यह समिति, इस सम्बन्ध में देश–दुनिया में प्रकाशित किए गए अध्ययनों का विश्लेषण कर कार्रवाई योग्य बिंदुओं पर अपने सुझाव राज्य सरकार को देगी। कोविड–19 हेतु बनाए गए स्टेट कंट्रोल रूम के मुख्य परिचालन अधिकारी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार की शाम तक समिति के सदस्यों को सभी प्रकार का डाटा उपलब्ध कराया जाएगा। समिति इस सम्बन्ध में सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी डाटा प्राप्त कर सकती है।

# राज्यों की हर सम्भव मदद की जायेगी: केन्द्रीय राज्यमंत्री

## वीडियो कांफ्रेंसिंग

■ऊर्जा क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न नई योजनाओं की मुख्यमंत्री ने की सराहना



देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार (ऊर्जा) श्री आर.के. सिंह के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि रिफॉर्मस को लेकर जो कार्य हो रहे हैं, उसमें राज्यों से जरूर परामर्श किया जाय। ऊर्जा के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न नई योजनाओं की मुख्यमंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय उत्पादों को बढ़ावा देने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए हमें सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय उत्पादों को बढ़ावा देना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर रूफ टॉप योजना का अच्छा फीडबैक है। उत्तराखण्ड में राज्य ने सोलर फार्मिंग की नई योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र से डीजीएफ गाईडलाइन के जारी होने से लोगों को कार्य करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल क्षेत्र का तीन महीने का फिक्स चार्ज राज्य सरकार ने माफ किया है। इसका वहन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।

केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आर. के. सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार पारंपरिक ऊर्जा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कोविड के कारण ऊर्जा के क्षेत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। राज्यों की हर सम्भव मदद की जायेगी।

इस अवसर पर सचिव ऊर्जा श्रीमती राधिका झा भी उपस्थित थी।

## काग्रेस ने केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**संवाददाता** देहरादून। पेट्रोल व डीजल की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी किये जाने के विरोध में कांग्रेस जनों ने सहसपुर में बैलगाडी रैली निकालकर केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने किया। आज बड़ी संख्या में कांग्रेस जन इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने बैलगाडी रैली निकालकर केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी से निपटने के लिए लड़ाई लड़ने में सहयोग किया जा रहा है और उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल व डीजल के दामों में बढोत्तरी की जा रही है और केन्द्र सरकार और राज्य सरकार इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और लगातार महंगाई चरम पर है और नियंत्रित नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बढोत्तरी ने मध्यम वर्ग के लोगों की कमरतोड़ कर रख दी है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।